संपादकीय

कहां ले आई नोटबंदी

नोटबंदी की घोषणा को आज तीन साल पूरे हो रहे हैं। वर्ष 2016 में आज की ही रात से 500 और 1000 के नोट बंद कर दिए गए थे। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल का यह सबसे विवादास्पद कदम माना जाता है, जिस पर आज भी बहस जारी है। कहा जा रहा है कि अर्थव्यवस्था की मौजूदा हालत काफी हद तक विमुद्रीकरण की ही देन है। सरकार का दावा था कि यह कदम उसने काला धन, जाली नोट, आतंकी फंडिंग और मनी लॉन्ड्रिंग को रोकने के लिए उठाया था, जिसमें उसे पूर्ण सफलता मिली। इससे इकॉनमी पारदर्शी हो गई। न सिर्फ देश में डिजिटल ट्रांजैक्शन को इससे बढ़ावा मिला, बल्कि बड़े पैमाने पर ब्लैक मनी को मार्केट से बाहर करने में भी मदद मिली। इसके कारण टैक्सपेयर्स की संख्या बढ़ी जिससे सरकार के राजस्व में इजाफा हुआ।

दूसरी तरफ विपक्ष और कई स्थापित अर्थशास्त्रियों ने इसकी कड़ी आलोचना की। इनका कहना है कि नोटबंदी से छोटे कारोबारियों का धंधा चौपट हो गया और वे बेरोजगार हो गए। इस तरह एक बड़े तबके की क्रयशक्ति घटने से अर्थव्यवस्था में मांग गिरने का जो सिलसिला शुरू हुआ, वह आज तक जारी है। पूरा रीयल्टी सेक्टर ही इसके चलते बैठ गया और अपने घर में रहने का लाखों लोगों का सपना टूट गया। बहरहाल, दोनों पक्षों के अपने-अपने तर्क हैं और दोनों के कुछ-कुछ दावे प्रत्यक्ष अनुभव में भी झलकते हैं। लेकिन हाल में आई एक रिपोर्ट ने एक नई चिंता पैदा की है। नैशनल अकाउंट स्टैटिस्टिक्स (एनएएस) के ताजा आंकड़ों में सामने आया है कि लोगों ने बैंकों में पैसा जमा करने का रुझान छोड़कर नकदी घर में रखना शुरू कर दिया है। वर्ष 2011-12 से लेकर 2015-16 तक, यानी नोटबंदी के ठीक पहले घरों में जमा नकदी बाजार में चल रही कुल करेंसी का 9 से 12 फीसदी थी लेकिन वर्ष 2017-18 में ही यह 26 प्रतिशत तक पहुंच गई। अपने पैसे का लाभकारी निवेश करने या उसको किसी बैंक में जमा करने के बजाय घर में कैश रखना बहुत बुरा संकेत है और स्लोडाउन की यह एक बड़ी वजह है। अच्छी बात यह है कि सरकार अपने तरीके से आर्थिक सुस्ती भगाने के कुछ गंभीर उपाय भी कर रही है। दिल्ली-एनसीआर, मुंबई क्षेत्र और कई छोटे-मंझोले शहरों में अटकी पड़ी 1600 से अधिक आवासीय परियोजनाओं का काम पूरा करने के लिए 25 हजार करोड़ रुपये की आरंभिक राशि के साथ उसने एक वैकल्पिक निवेश कोष बनाने का फैसला किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अनुसार जो परियोजनाएं गैर-निष्पादित परिसंपत्ति घोषित हो चुकी हैं या राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण के पास लंबित हैं, लेकिन अभी दिवालिया घोषित नहीं हुई हैं, वे भी इससे लाभान्वित हो सकती हैं, बशर्ते परियोजना के अधूरे काम का नेटवर्थ धनात्मक हो। यानी उससे आने वाला रिटर्न उसे पूरा करने की लागत से अधिक हो। उम्मीद की जानी चाहिए कि रीयल्टी सेक्टर में स्फूर्ति आने से बाकी क्षेत्रों में भी सुगबुगाहट पैदा होगी।

47,600 करोड़ का कर्ज नहीं चुकाने के कारण अनिल अंबानी के खिलाफ मामला दर्ज

नई दिल्ली । तीन चाइनीज बैंक ने अनिल अंबानी के खिलाफ 680 मिलियन डॉलर (करीब 47,600 करोड़) रुपए नहीं चुकाने का मामला लंदन कोर्ट में दर्ज किया है। इंडस्ट्रियल ऐंड कमर्शल बैंक ऑफ चाइना लिमिटेड, चाइना डिवेलपमेंट बैंक और एक्सपोर्ट-इंपोर्ट बैंक ऑफ चाइना ने 2012 में अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशन्स को 925.20 मिलियन डॉलर (करीब 64,750 करोड़ रुपए) का लोन दिया था। उस समय अनिल अंबानी ने कहा था कि

वह इस लोन की पर्सनल गारंटी देते हैं, लेकिन फरवरी 2017 के बाद कंपनी लोन चुकाने में डिफॉल्ट हो गई।

निजी संपत्ति को गारंटी नहीं बनाया- अनिल अंबानी

इस मामले पर अनिल अंबानी का कहना है कि उन्होंने पर्सनल कंफर्ट लेटर देने की बात कही थी, उन्होंने निजी संपत्ति को गारंटी बनाने की पेशकश कभी नहीं की। अनिल अंबानी के वकील ने कहा कि ICBC बैंक लगातार अनिल अंबानी और उनकी कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशन्स में अंतर नहीं करने की भूल करता रहा।

रिलायंस ग्रुप पर 93 हजार करोड़ का कर्ज

अनिल अंबानी रिलायंस कम्युनिकेशन्स के चेयरमैन हैं और उनका रिलायंस ग्रुप पिछले कुछ समय से कठिनाइयों के दौर से गुजर रहा है। ग्रुप पर कर्ज का बहुत बड़ा बोझ है, जिसकी वजह से परेशानी में है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, सितंबर तक रिलायंस ग्रुप पर 13.2 अरब डॉलर (करीब 93 हजार करोड़ रुपये) का कर्ज है।

एरिक्शन के साथ भी था ऐसा विवाद

एरिक्शन के साथ भी इसी तरह का विवाद सामने आया था। रिलायंस कम्युनिकेशन्स को एरिक्शन को 550 करोड़ रुपये चुकाने थे। सुप्रीम कोर्ट के कहने के बाद अनिल अंबानी कर्ज चुकाने के लिए तैयार हुए और इसमें मुकेश अंबानी ने उनकी मदद की।

अयोध्या फैसले के मद्देनजर सीए की सभी परीक्षाएं स्थगित

नई दिल्ली। अयोध्या मामले पर अदालत के फैसले के बाद देशभर में स्कूलों व कॉलेजों को बंद रखने की घोषणा की गई है। वहीं, इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने शनिवार को होने वाली चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) की सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी है।

आईसीएआई ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जारी एक नोटिस में बताया कि 09 नवंबर को होने वाली सीए की सभी परीक्षाओं को स्थगित कर दिया गया है। अभी तक किसी नई तिथि की घोषणा नहीं की गई है। वेबसाइट पर कहा गया कि ऑनलाइन माध्यमों में इससे संबंधित खबरों को देखते परीक्षा स्थगित करने का फैसला लिया गया है।

नोटिस में कहा गया है कि देश के विभिन्न हिस्सों में स्कूलों और कॉलेजों के बंद होने की खबर के मद्देनजर आईसीएआई की 09 नवंबर, 2019 को होनी वाली सभी परीक्षाएं फाउंडेशन पेपर 01, फाइनल पेपर 05, आईआरएम पेपर 01, आईएनटीटी एटी और डीआईएसए ईटी पेपर को स्थगित किया जाता है। देश और विदेश में होने वाली सभी परीक्षाएं स्थगित होंगी। इन परीक्षाओं की नई तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी।

देश में घटी यात्री वाहनों की मांग, मारुति ने लगातार 8वें महीने घटाई प्रोडक्शन

मुंबई। देश में यात्री वाहनों की मांग न होने के कारण सबसे बड़ी कार विनिर्माता, मारुति सुजुकी ने लगातार 8वें महीने उत्पादन में कटौती की है। पिछले महीने कंपनी ने कुल 1,19,337 वाहन बनाए, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने कंपनी ने 1,50,497 वाहन बनाए थे। यात्री वाहनों का उत्पादन पिछले वर्ष अक्टूबर 148,318 वाहनों के मुकाबले 117,383 वाहनों का रहा, जबकि वैन उत्पादन पिछले साल के अक्टूबर 13,817 वाहनों से लगभग आधा घटकर 7,661 रह गया। कंपनी ने एक नियामकीय फाइलिंग में कहा कि छोटे वाहन खंड में उत्पादन पिछले वर्ष की समान अवधि के 34,295 से घटकर 20,985 रह गया। इस खंड में अल्टो, एस-प्रेसो, पुराना वैगन आर शामिल हैं। काम्पैक्ट सेगमेंट में नई वैगन आर, सेलेरियो, आईजिनिस, स्विफ्ट, बैलेनो, ओईएम मॉडल, डिजायर शामिल हैं, और इस खंड के वाहनों का उत्पादन पिछले वर्ष अक्टूबर के 74,167 से घटकर 64,079 रह गया।

बायोफैच में तंबाकू रहित जैविक सिगरेट रही आकर्षण का केंद्र

नई दिल्ली। धूम्रपान से कैंसर का खतरा अधिक रहता है और ऐसे लोग जो धूम्रपान के आदी हैं और वह इसे छोड़ने के प्रयास में हैं तो उनके लिए तंबाकू रहित जैविक सिगरेट सुरक्षित और अधिक सेहतमंद विकल्प है। शनिवार को समाप्त हुए ग्रेटर नोएडा में तीन दिन के जैविक उत्पाद मेले बायोफैच इंडिया में तंबाकू रहित जैविक सिगरेट में प्रदर्शनी का अवलोकन करने आए दर्शकों की मुख्य आकर्षण का केंद्र रही।

यह सिगरेट तुलसी, चाय के पौधे (कैमेलिया साइनेंसिस) गुलाब की पंखुड़ियों, पुदीने की पत्तियों को मिलाकर वर्जिन पेपर पर रोल कर और रुई का फिल्टर लगाकर बनाई गई है। तंबाकू और निकोटिन से मुक्त इस जैविक सिगरेट मेले के अंतिम दिन दर्शकों को खूब भायी।

सात नवंबर से नौ नवंबर तक चला बायोफैच इंडिया मेला नर्नबर्ग मेसे इंडिया और वाणिज्य मंत्रालय के अधीन कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने मिलकर आयोजित किया था ।

तंबाकू रहित सिगरेट को आर्गनिक स्मोक्स शुरू करने वाले पीयूष छाबड़ा ने अपने दो भाइयों गौरव और नितिन के सान्निध्य से तैयार किया। श्री छाबड़ा ने कहा, आर्गनिक स्मोक्स चाय के पौधे कैमेलिया माइनेंसिस से बनी है और 100 प्रतिशत हर्बल है।

पिछले 5 वर्षों में गेंदबाजों के लिए सबसे घातक साबित हुए रोहित, कई मामलों में विराट पर भारी

नई दिल्ली। बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 इंटरनैशनल सीरीज के पहले मैच, जो दिल्ली में खेला गया था, में भारत को हैरान करने वाली हार का सामना करना पड़ा। यह टी-20 क्रिकेट में भारत की बांग्लादेश के खिलाफ पहली हार थी। इस हार से गुस्साए कप्तान रोहित शर्मा ने अगले ही मैच में ताबड़तोड़ 43 गेंदों में 85 रन ठोकते हुए टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। उन्होंने अपनी तूफानी पारी में 6 चौके और 6 छक्के जड़े। इसमें से 3 छक्के तो उन्होंने लगातार एक ही ओवर कूट डाले थे।

यह तो सभी जानते ही हैं कि यह पहला मौका नहीं था, जब रोहित शर्मा विपक्षी गेंदबाजों पर इस तरह बेरहमी से टूटे थे। देखा जाए तो पिछले 5 वर्षों में हिटमैन के बल्ले से क्रिकेट फैन्स को इस तरह कई तूफानी और ऐतिहासिक पारी देखने को मिली है। मौजूदा दौर के रन मशीन कहे जाने वाले विराट कोहली भी कई मामले में उनसे पिछड़े नजर आते हैं।

गंगूबाई काठियावाड़ी के लिए नई बोली सीखेंगी आलिया भट्ट?

ऐक्ट्रेस आलिया भट्ट अपनी नई फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रही हैं। उनकी पूरी कोशिश है कि फिल्म में अपने गंगूबाई के किरदार के साथ पूरा न्याय करें। वैसे भी आलिया का हमेशा से ही सपना था कि उन्हें संजय लीला भंसाली जैसे दिग्गज फिल्ममेकर के साथ काम करने का मौका मिले। अब जब उन्हें यह मौका मिला है तो उन्होंने कमर कस ली है।

कहा जा रहा है कि इस फिल्म के लिए आलिया अब एक नई बोली सीखेंगी। यह बोली होगी कैथी या काठी जोकि सौराष्ट्र में बोली जाती है। वैसे यह पहली बार नहीं है जब आलिया किसी फिल्म के लिए कोई नई बोली सीखेंगी। फिल्म 2 स्टेट्स के लिए आलिया ने तमिल सीखी, तो वहीं राज़ी के लिए उन्होंने उर्दू सीखी। गंगूबाई काठियावाड़ी अगले साल 11 सितंबर को रिलीज होगी। पहले भंसाली इस फिल्म प्रियंका चोपड़ा के साथ बनाना चाहते थे। उस वक्त इस फिल्म का नाम हीरा मंडी था। लेकिन बाद में यह फिल्म आलिया की झोली में आ गई। इस फिल्म से पहले आलिया को भंसाली ने अपनी अन्य फिल्म इंशाअल्लाह के लिए साइन किया था। फिल्म में सलमान खान भी थे और उनके साथ कुछ अनबन को लेकर यह फिल्म रुक गई। इसके बाद भंसाली ने गंगूबाई कठियावाड़ी शुरू की।

फिर एक साथ नजर आएंगे संजय दत्त और अरशद वारसी

डायरेक्टर राजकुमार हिरानी की फ्रेंचाइजी फिल्म मुन्ना भाई में लोगों ने संजय दत्त और अरशद वारसी को बहुत पंसद किया। इस फिल्मों में संजय दत्त के किरदार मुन्ना भाई और अरशद वारसी के किरदार सर्किट को लोग आज तक नही भूले हैं। लोगों इस फ्रेंचाइजी फिल्म की अगली कड़ी देखने के

लिए काफी उत्सुक हैं।

वहीं, खबर है कि दोनों ऐक्टर्स एक फिल्म में एक बार फिर साथ नजर आने वाले हैं। हालांकि यह फिल्म मुन्ना भाई का सीक्वल नहीं है। संजय दत्त और अरशद वारसी का यह एक नया प्रॉजेक्ट है। अरशद वारसी ने कहा कि संजय दत्त और मैं अगले साल इस फिल्म पर काम करना शुरू कर देंगे। साजिद-फरहाद की इस फिल्म की स्क्रिप्ट बहुत फनी है। फिल्म अगले साल मार्च-अप्रैल तक फ्लोर पर आने की उम्मीद है। उन्होंने फिल्म की शूटिंग को लेकर कहा कि शायद फिल्म का पहला शेड्यूल बुडापेस्ट में हो। अरशद वारसी ने कहानी के बारे में बात करते हुए कहा कि फिल्म में संजय दत्त एक अंधे डॉन की भूमिका निभाएंगे और मैं उनकी आंख बनूंगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कोई जान नहीं सकता कि वह अंधा है। पूरी फिल्म में मैं उसे डायरेक्टर करता हूं।

साइना नेहवाल बायॉपिकः 15 दिन स्टेडियम में रहेंगी परिणीति चोपड़ा

फिल्म ऐक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा नवी मुंबई के रामशेथ ठाकुर इंटरनेशनल स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में साइना नेहवाल की बायॉपिक साइना की शूटिंग व अभ्यास के लिए 15 दिन बिताएंगी। परिणीति चोपड़ा ने कहा कि साइना नेहवाल की जीवन पर आधारित फिल्म की शूटिंग के लिए बैडमिंटन खेल में सुधार करना उनके लिए महत्वपूर्ण है। परिणीति चोपड़ा ने कहा कि वह घर से लोकेशन तक जाने-आने में कम से कम चार से पांच घंटे बर्बाद होंगे। उन्होंने कहा कि हमने स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में ठहरने का निर्णय लिया है क्योंकि मैं प्रशिक्षण ले सकती हूं और शूट भी इसी लोकेशन पर है। ऐक्ट्रेस ने कहा कि मेरे लिए मेरे खेल को बेहतर बनाना महत्वपूर्ण है क्योंकि मैं उनके हिस्सों की शूटिंग से पहले खुद को परफेक्ट करना चाहती हूं, जिसमें मुझे साइना की तरह खेलना है।

आज का राशिफल

मेषः- यात्रा लाभदायक रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। धन प्राप्ति सुगम होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेंगे। आशंका-कुशंका रहेगी।

वृषः- कार्यस्थल पर सुधार व परिवर्तन हो सकता है। योजना फलीभूत होगी किंतु तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। मित्रों व संबंधियों की सहायता कर पाएंगे। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी।

मिथुनः- किसी तीर्थस्थान के दर्शन हो सकते हैं। अध्यात्म में रुचि रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी। कारोबारियों को लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

कर्कः- स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। यात्रा यथासंभव टालें। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। शत्रु सक्रिय रहेंगे।

सिंहः- पति-पत्नी में संबंध मधुर होंगे। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। रुके कार्यों में गति आएगी। छोटे भाइयों व मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। किसी के झगड़ों में न पड़ें।

कन्याः- भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होकर स्थिति अनुकूल होगी। स्थायी संपत्ति के बड़े सौदे हो सकते हैं। प्रसन्नता व संतुष्टि रहेंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी।

तुलाः- विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शैक्षणिक व शोध कार्य मनोनुकूल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त हो सकता है। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

वृश्चिकः- नए संबंध बनाने के पहले विचार कर लें। नौकरी में समस्याएं आ सकती हैं। कार्यभार रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। लेन-देन में सावधानी आवश्यक है।

धनुः- मेहनत का फल पूरा-पूरा मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। मित्रों व संबंधियों की सहायता कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार से लाभ वृद्धि होगी।

मकरः- भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। कोई बड़ा कार्य व लंबे प्रवास का मन बनेगा। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें।

कुंभः- यात्रा लाभप्रद रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश शुभ रहेगा।

मीनः- आर्थिक परेशानी आ सकती है। फालतू खर्च होगा। समय पर व्यवस्था नहीं होगी। आशा-निराशा के भाव रहेंगे। विचारों में स्पष्टता नहीं होने से समस्या बढ़ सकती है।

जानिए फ्रूट रायता बनने की विधि

आवश्यक सामग्री :

1/4 कप कटा हुवा सेब
1/4 कप कटा हुवा अनानास
1/4 कप कटा हुवा केला
1/4 कप कटा हुवा स्ट्रॉबेरी
2 कप गाढ़ी दही
1/4 चम्मच काली मिर्च पाउडर
1/2 चम्मच जीरा पाउडर
1 चम्मच चीनी
नमक स्वादानुसार
1 चम्मच पुदीना की पत्ती

बनाने की विधि :

एक bowl में दही डाले. इसमें चीनी, नमक, काली मिर्च पाउडर और जीरा पाउडर डालकर इसे खूब अच्छे से फेंटे जिस से यह smooth और पतली मलाई जैसा पेस्ट बन जाए. अब इसमें कटे हुए सेब, केला, स्ट्रॉबेरी, अनानास और अनार के दाने डाले और खूब अच्छे से इसे mix कर ले. इसे फ्रीजर में कम से कम 30 मिनट तक chilled होने के लिए रख दे. आपको इसके स्वाद में निखार समय के साथ आते हुए दिखाई देगा. हमारा healthy fruit raita recipe बन कर अब तैयार है. इसे पुदीना की पत्ती के साथ आप चाहे तो गार्निश भी कर सकते है. इसे serving bowl में डाले और chilled परोसे.

शब्द सामर्थ्य- 39

बाएं से दाएं

1. खूब कसा हुआ, फुर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

ऊपर से नीचे

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंतःकरण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 38 का हल

गु	मा	न			प	यो	द	
न		ह	क	दा	र		ल	य
ह	वा	ला	त		च		द	म
गा			रा	ज	म	ह	ल	
र	ई	स		ग		स		अ
	मा		प	त	वा	र		ल
ख	न	क	ना		ह	त		बे
स	दा		ह		वा		शो	ला
रा	र				ही	र	क	

सू-दोकू- 39

	2			6			1	
3			4			2		
							6	
6					4			
	9		5			6		1
4		3			9			2
	8		2				7	
1		2		4		9		6

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.38 का हल

8	7	6	9	5	1	2	3	4
1	3	9	2	8	4	5	6	7
4	5	2	3	7	6	9	1	8
2	8	5	4	6	7	1	9	3
3	1	7	8	9	2	4	5	6
6	9	4	1	3	5	7	8	2
9	4	1	6	2	8	3	7	5
7	2	8	5	1	3	6	4	9
5	6	3	7	4	9	8	2	1